हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 4 अक्टूबर 2025


तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री


10 बुराई पर अच्छाई की विजय के साथ निभाई ...





11 विहिप और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मां भवानी...






## खबर संक्षेप

### गुरु गद्दी पूजा की जाएगी आज से

**बगबुडा ।** गुरुघासीदास जनकल्याण युवा समिति लवन खम्हरिया द्वारा 04 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक गुरु बाबा घासीदास का सात दिवसीय सतनाम गुरु गद्दी पूजा का आयोजन लवन के वार्ड नंबर 14, 15 में आयोजित किया जाएगा। पंडित - गोविंद राम डहरिया साहेब बाबा द्वारा गुरु मंच पर शनिवार को सतनाम की ज्योत जलाई जाएगी। जहां पर लवन खमरिया निवासी 7 दिनों तक गुरु गद्दी पूजा करेंगे। समिति के, नगर पंचायत लवन- राकेश चतुर्वेदी पार्षद, संतोष घृतलहरे पार्षद, अध्यक्ष हीरामन महिलांगे, उपाध्यक्ष तिहारु खुटे, सचिव - श्रीकांत ▸▸ शेष पेज 10 पर

# धूमधाम से मना दशहरा, रामलीला की परंपरा आज भी जीवंत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सुहेला

**रावण दहन और भ्रमण यात्रा ने जन-जन को एक सूत्र में जोड़ा**





- परंपरा और श्रद्धा के रंग में रंगा सुहेला, गूंजे जय श्रीराम के नारे

ग्राम सुहेला में विजयादशमी (दशहरा) का पर्व इस वर्ष भी परंपरागत उत्साह, श्रद्धा और भव्यता के साथ मनाया गया। इस शुभ अवसर पर वर्षों पुरानी रामलीला की परंपरा को ग्रामवासियों ने पूरी निष्ठा से जीवंत बनाए रखा, जिसमें बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्थानीय लोगों के अनुसार, ग्राम सुहेला में रामलीला का आयोजन लगभग 1944 से निरंतर होता आ रहा है। पहले यह आयोजन पूरे दस दिनों तक चलता था, लेकिन समय की सीमाओं के कारण अब इसे तीन या एक दिन में संपन्न किया जाता है। इसके बावजूद रामलीला का धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व आज भी जस का तस बना हुआ है।

इस वर्ष भी महामाया चौक में भव्य रामलीला मंचन का आयोजन किया गया, जहाँ राम, लक्ष्मण, हनुमान, रावण, सखी आदि के पात्रों को ग्रामीण कलाकारों ने जीवंत अभिनय के साथ प्रस्तुत किया। रामलीला के उपरांत रावण दहन का आयोजन किया गया, जिसे देखने के लिए आस-पास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए। रावण दहन के पश्चात सोनपत्ती को एक-दूसरे के कान में लगाकर प्रणाम करने और आशीर्वाद लेने की परंपरा भी निभाई गई। यह न केवल धार्मिक अनुष्ठान है, बल्कि आपसी भाईचारे, मेल-जोल और सौहार्द का प्रतीक भी माना ▸▸ शेष पेज 10 पर

### गली-गली में निकाली गई भ्रमण यात्रा

इसके अतिरिक्त राम, लक्ष्मण और हनुमान जी की गली-गली भ्रमण यात्रा भी निकाली गई। इस दौरान ग्रामीणजन अपने घरों के सामने चौक बनाकर पूजा-अर्चना करते हैं तथा श्रद्धापूर्वक दान-पुण्य भी करते हैं। बताया जाता है कि यह परंपरा करीब 100 वर्षों से चली आ रही है, जिसे आज की युवा पीढ़ी भी पूरे जोश और श्रद्धा से निभा रही है।

## जिले में अब तक 971 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**बलौदाबाजार ।** जिले में चालू मानसून के दौरान 1 जून से 3 अक्टूबर 2025 तक 971 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक वर्षा तहसील टुण्डरा में 1179.1 मिमी. एवं सबसे कम वर्षा सिमगा तहसील में 814.1 मिलीमीटर हुई है। भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार तहसील सुहेला 1130.5 मिमी, पलारी में 1059.4 मिमी, सोनाखान 940.7 मिमी, बलौदाबाजार 936.2 मिमी, भाटापारा 925 मिमी, लवन 909.1 मिमी एवं कसडोल 844.7 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। इस तरह कुल 8738.8 मिमी अभी तक दर्ज की गई है जिसकी औसत वर्षा 971 मिमी है।3 अक्टूबर 2025 को 423.3 मिलीमीटर दर्ज की गई है जिसकी औसत वर्षा 47 मि.मी.है। तहसीलवार में बलौदाबाजार 97.5 मिमी, पलारी 78 मिमी, सुहेला 73.5 मिमी, भाटापारा 50.9 मिमी, लवन 39.8 मिमी, टुण्डरा 38 मिमी, सिमगा 22.6 मिमी, सोनाखान 18 मिमी एवं कसडोल 5 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है।


BMC
बी.एम. कॉलेज
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) से संबद्ध
विगत वर्षों में 100% परीक्षा परिणाम
B.Ed.
कॉलेज कोड-114336
ऑनलाइन काउंसलिंग, अंतिम तिथि : 05/10/25
गोकुल नगर, पुलगाँव (शासकीय आई.टी.आई. के पीछे), दुर्ग
Mob. : 87706-38793, 93403-11314, 93038-93829, 93008-50065
Sai समर्थ डेव्हलपर्स & बिल्डर्स
प्लॉट, फॉर्म हाऊस, खेत, मकान, फ्लैट
लुचकी चौक, तमेर पारा, दुर्ग (छ.ग.), मो.- 9303893829, 7000786116


## झमाझम वर्षा से धान के फसल को पहुंचा नुकसान



**गोपालपुर।** गाँव एवं क्षेत्र मे पुरा चौबीस घंटों रुक रुक कर वर्षा होती रही, लोग घर से बाहर नहीं निकल पा रहे थे। बारिश इतनी हुई की खेत में पानी लबालब भर गया और एक खेत से दुसरे खेत मे पानी की धार चलने लगी। जिससे हरहुना धान एवं अन्य धान के फसल पुरी गिर गई है। खेत में पानी होने के कारण धान सड़ने लगेगा, किसानों ने चर्चा के दौरान बताया कि अभी का पानी गिरना फसल को नुकसान पहुचाता है। इसी कारण किसानों को भारी पैमाने पर नुकसान होगा। आगे बताया कि खाद, कीटनाशक एवं मजदूरी में भी किसानों का अच्छा खासा खर्च हो चुका है।


AGRASEN COLLEGE
Recognised By: NCTE, New Delhi, Govt. Of India
Affiliated to: Hemchand Yadav University, Durg
B.ED. COURSE
COLLEGE COUNCELLING CODE - 114316
सत्र 2025 - 26 में B.Ed कोर्स में प्रवेश हेतु अंतिम अवसर
द्वितीय चरण

| | |
|---|---|
| पंजीयन एवं ऑनलाइन विकल्प फार्म जमा करने की तिथि। | 01/10/25 से 05/10/25 |
| द्वितीय चरण की प्रथम सूची दावा आपत्ति के लिए जारी करना एवं दावा आपत्ति। | 09/10/25 से 10/10/25 |
| द्वितीय चरण की प्रथम सूची जारी करना। | 13/10/25 |
| द्वितीय चरण की सूची में आबंटित अभ्यर्थी द्वारा महाविद्यालय में प्रवेश के लिए निर्धारित तिथि। | 13/10/25 से 16/10/25 |

VILLAGE- DHANORA, DURG (C.G.)
Mob. 90982 11113
CAMPUSE VIEW




## खबर संक्षेप

### मां दुर्गा की मूर्ति का हुआ विसर्जन

**भाटापारा।** दशहरा के शुभ अवसर पर ग्राम ढाबाडीह में नव दुर्गा उत्सव समिति के द्वारा मां दुर्गा जी का मूर्ति विसर्जन हर्षोल्लास व जसगीत के साथ किया गया । जिसमें मुख्य तौर पर लालू साहू, भूपेंद्र साहू, मनीष साहू, गजेंद्र साहू, जसवंत साहू, पुरन साहू, दौलत साहू , किशन साहू, चिंटू साहू , विनोद साहू, गोपी साहू, ,मोनू साहू, युगल साहू, देवेंद्र साहू, सूरज यादव व प्रिंस यादव शामिल थे।

### साहू समाज के संगठनात्मक चुनाव की हुई घोषणा

**घोटिया।** साहू समाज के



संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए जिला साहू संघ बलौदाबाजार के अध्यक्ष सुनील साहू ने जिले में तहसील साहू संघ का निर्वाचन कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। इस चुनावी प्रक्रिया को लेकर जिलेभर में समाज के सदस्यों में उत्साह का माहौल है। घोषित कार्यक्रम के अनुसार बलौदा बाजार तहसील में मतदान 4 अक्टूबर 2025 को होगा। इसके बाद 5 अक्टूबर को एक साथ पलारी एवं सिमगा तहसील में चुनावी प्रक्रिया संपन्न होगी। 6 अक्टूबर को सुहेला तहसील में मतदान निर्धारित किया गया है। वहीं 7 अक्टूबर को भाटापारा तहसील में मतदान होगा। इसके पश्चात 8 अक्टूबर को लवन एवं कसडोल तहसील में मतदान कराया जाएगा।

### केन्द्र के समान महंगाई भत्ता का आदेश शीघ्र जारी होः डॉ कोमल

**पलारी।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने राज्य के कर्मचारीयों को केन्द्रीय कर्मचारियों के समान 58%महंगाई भत्ता देने की मांग किया है । एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ कोमल वैष्णव ने बताया कि वर्तमान में राज्य के कर्मचारीयों को 55% डीए प्रदान किया जा रहा है जो केंद्रीय कर्मचारियों से 3% कम है। केन्द्र सरकार ने दशहरा के एक दिन पूर्व अपने कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 3% वृद्धि कर दिया है जिससे



केन्द्रीय कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 55%से बढ़कर 58% हो गया है केन्द्रीय कर्मचारियों को बढ़े हुए महंगाई भत्ते का लाभ विगत एक जुलाई 2025 से प्रदान किया जाएगा। मौजूदा सरकार ने विधानसभा चुनाव से ठीक पहले जारी मोदी की गारंटी 2023 के घोषणा पत्र में प्रदेश के कर्मचारियों को केन्द्र सरकार द्वारा दिए जाने वाले डीए के समान ही डीए प्रदान करने का वादा किया है।छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ कोमल वैष्णव जिलाध्यक्ष देवेश वर्मा कार्यकारी जिलाध्यक्ष तोमर डोंडे जिला महासचिव तेज कुमार वैष्णव जिला संयोजक खेलावन घृतलहरे जिला सचिव सीएम साहू जिला संगठन मंत्री जनीराम साहू जिला महामंत्री नागेश्वर पटेल दीपक सारंग महेंद्र वैष्णव राजेन्द्र कश्यप ने बताया कि राज्य कर्मचारियों के महंगाई भत्ते को सन-2019 से समय पर नहीं दिया जा रहा है देय तिथि से देने के बजाय हर बार सात आठ माह विलंब से दिया जा रहा है ।

## पेज 9 के शेष

### गुरु गद्दी पूजा ...

साय, सदस्य धरम, महिलांगे, मनोहर बंदे, मनहरण बंदे, राजू चतुर्वेदी, धनराज चतुर्वेदी, रामकुमार साय, सुदर्शन बार्वे, मुकेश चतुर्वेदी, फागुलाल बंदे, संजय बंदे , हिराखान , बब्लू, व समस्त ग्रामवासी सहयोग करेंगे।

### धूमधाम से मना ...

जाता है।

**इन्होंने निभाई अपनी भागीदारीः** इस आयोजन को सफल बनाने में कई वरिष्ठों और युवाओं का योगदान सराहनीय रहा। संरक्षक के रूप में भगवती वर्मा, खोमलाल वर्मा, माखन यदु, लक्ष्मण वर्मा, पुहुपलाल वर्मा, लेखराम वर्मा ने अहम भूमिका निभाई। वहीं, नाट्य प्रस्तुति में विजय वर्मा, जयंत यदु, वीरेंद्र, जितेंद्र , मनीष वर्मा, धनंजय वर्मा, दीपक, साहिल,जयंत , राजेश व अन्य युवाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

## सॉग-बाना के साथ जगदंबे की विसर्जन यात्रा...

**बंगोली ।** शारदीय नवरात्र पर्व के चलते ग्राम बंगोली मे मॉ जगत जननी जगदंबे की विसर्जन यात्रा पर समस्त ग्रामवासी उमड़ पड़े ।नवोदय दुर्गोत्सव समिति बाजार चौक ,मॉ महामाया दुर्गोत्सव समिति बस स्टैण्ड ,आदर्श नवयुवक दुर्गोत्सव समिति भाटापारा एवं नवयुवक दुर्गोत्सव बजरंग चौक के मॉ दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन हेतू मॉ शितला तालाब मे किया गया। नवरात्र पर्व बड़ मनभावन नवरात्र के प्रथम दिवस से लेकर विसर्जन दिवस तक स्थानीय जस सेवा समिति के सदस्यों द्वारा जस,पचरा व मॉदर की थाप से समूचे ग्राम भक्तिमय रहा । नवरात्र दौरान जगराता,जस झॉकी आयोजन किया गया,तथा भंडारा रखा गया। विसर्जन के समय माता के अनन्य भक्तों के ऊपर मॉ की शक्ति परिलक्षित होती रही ।





### पर्व : महिला समिति की सामूहिक आरती बनी आयोजन की विशेष झलक

# मां दुर्गा के जयकारों से गूंजा लवन, तालाबों में हुआ प्रतिमा विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

नवरात्रि पर्व के समापन पर पिछले नौ दिनों से पूजित मां भवानी की प्रतिमाओं को गाजे बाजे के साथ ले जाने का सिलसिला देर रात्रि तक लगा रहा। उत्साहित भक्तों ने मां के जयकारे लगाते हुए नगर परिक्रमा की,तत्पश्चात जाड़ा,मणिमन तालाब में विसर्जन किया गया। उत्साही युवाओं ने रंग गुलाल उड़ा कर श्रद्धा का प्रदर्शन किया। भ्रमण के पश्चात विधि विधानपूर्वक इन स्वरूपों को विसर्जित किया गया।

पिछले 9 दिनों से समूचा नगर दुर्गामय बना हुआ था। सुबह व सायंकालीन होने वाली आरती में सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित होकर आदिशक्ति की श्रद्धा में लीन बने रहते थे। आज अधिकांश कार्यक्रमों का विधिविधान पूर्वक समापन हो गया है। जहां सिद्ध पीठों पर पिछले 9 दिनों से भजन कीर्तन ,सेवा जागरण, दुर्गा सप्तशती पाठ आदि प्रतिदिन धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हो रहे थे वहीं अष्टमी को



यज्ञ हवन क्रियाओं के साथ मां भवानी के स्वरूप के समक्ष आहूतियां दी थी। दशहरे अपरांह समय मां के दरबारों से प्रतिमाओं को वाहनों में सजा कर नगर परिक्रमा के लिए ले जाया गया। मां के स्वरूपों को आस्थावान युवक सम्भाले हुए थे वहीं नृत्य करतीं टोलियां परम्परागत गीतों पर झूमती हुई चल रहीं थीं।

पिछले नौ दिनों तक जो श्रद्धालु लगातार क्रियाओं में भागीदारी जता रहे थे वह अंतिम दिन भी बड़े उत्साह के साथ प्रतिमाओं को विसर्जन के लिए पवित्र सरोवरों में ले गए। अगले वरस फिर आना के साथ देवी प्रतिमाओं को विदाई दी गई। नगर में ग्रामीण क्षेत्रों से अलग आज नजारा बिखरा हुआ था। मेन रोड महिला समिति द्वारा आदीशक्ति की प्रतिमाओं की सामूहिक महाआरती उतारी गई। पूजन विधान की क्रियाओं के पश्चात स्वरूपों को अश्रुपूरित नेत्रों से विसर्जित कर दिया गया। माता के भक्तों के बढ़-चढ़ कर आयोजनों में भागीदारी निभाते रहे। 9 दिनों तक चलने वाले आयोजनों में माता भक्त अपने प्रमुख रूप से योगदान दिया।

### नम आंखों से मां दुर्गा को दी विदाई



**सेल।**गांव में विजयादशमी पर्व पर मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में सम्पन्न हुआ। भक्तगण ने डीजे की धुनों और जयकारों के बीच माता की प्रतिमाओं को विसर्जन स्थल तक पहुंचाया। गुरुवार सुबह से देर रात तक और शुक्रवार को भी विसर्जन का सिलसिला जारी रहा, जिसमें कुल 6 विशाल प्रतिमाओं का पारंपरिक विधि-विधान के साथ विसर्जन किया गया। प्रतिमा विसर्जन के दौरान महिलाओं ने थाली सजाकर आरती उतारी और श्रद्धालु नम आंखों से मां को विदाई देने पहुंचे। वातावरण "जय माता दी" के उद्घोष से गूंज उठा। उल्लेखनीय है कि 22 सितंबर से शुरू शारदीय नवरात्रि के अवसर पर गुड़ी चौक, डीहपारा शिवलिंग मंदिर परिसर, करंजपारा तालाब, शीतला चौक, सूतियापारा तालाब पार और महामाया मंदिर सहित विभिन्न स्थलों पर मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की गई थीं। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष कुंजबिहारी जायसवाल, कोषाध्यक्ष धनंजय कुमार साहू, सदस्य पंकज कुमार साहू, महेंद्र सिंह पैंकरा, हेमंत कुमार साहू, रोहित वर्मा, अनुप कुमार वर्मा, मोगेंद्र कुमार वर्मा, हरप्रसाद वर्मा, भोलाराम वर्मा, परमेश्वर वर्मा, विरेंद्र कुमार वर्मा सहित आचार्य भूपेंद्र कुमार दूबे, नारायण जायसवाल, बैगा लेखू केवट तथा बड़ी संख्या में मोहल्लेवासी भक्तगण शामिल हुए।

### कुर्रा मे खेल जंवारा के साथ दुर्गा विसर्जन

**बंगोली ।** नवयुवक दुर्गोत्सव समिति गोवर्धन चौक कुर्रा के तत्वावधान मे विसर्जन दिवस पर सॉग बाना, खेल जंवारा के साथ मॉ दुर्गा की अंतिम विदाई ग्राम के शितला तालाब मे किया गया। उक्त जानकारी समिति के पंडा संतराम साहू तथा कामता प्रसाद यादव ने दी है ।



## मां दुर्गा की प्रतिमाओं का धूमधाम से किया विसर्जन

**अर्जुनी।** नगर सहित टोनाटार,मिरगी, नवागांव, पुरेना, टोपा, खम्हरिया, गोढ़ी, मोपर, मल्दी में आदिशक्ति जगत जननी मां जगदंबा की आराधना और उपासना के महापर्व शारदीय नवरात्रि के समापन के बाद देवी प्रतिमाओं का विसर्जन भी पूरे भक्ति भाव व आस्था के साथ नम आंखों से किया गया। दुर्गा उत्सव समितियों द्वारा मांदर की धुन पर नाचते गाते अबीर गुलाल उड़ाकर जयकारों के साथ मां दुर्गा की प्रतिमाओ की शोभायात्रा निकालकर गांवों की गलियों का भ्रमण करते हुए तालाबों में ले जाकर भक्तों के द्वारा मां अंबे की विधिवत पूजा अर्चना एवं आरती कर माता रानी को अंतिम विदाई दी गई।

ग्राम पंचायत टोनाटार में इस वर्ष सात जगहों पर आदि शक्ति मां दुर्गा रानी की प्रतिमा स्थापित की गई थी। जहां ग्रामीणों के द्वारा पूरे 09 दिनों तक भक्ति भाव के साथ मां दुर्गा की पूजा अर्चना करते रहे। 2 अक्टूबर दशहरा के दिन



सात जगहों पर बैठाए गए माता रानी मां दुर्गा का विसर्जन किया गया। विसर्जन के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामवासी और भक्तगण उपस्थित रहे। भक्तों ने मां दुर्गा का विधि विधान से पूजन किया पूजन के उपरांत माता रानी की प्रतिमाओं को विसर्जन के लिए ले जाया गया। जहां माता रानी को सेवा भजन कीर्तन एवं जसगीतो के साथ गांव में भ्रमण कराया गया । फिर मां दुर्गा रानी को भाव भजन से एक साथ गांव के पूरेनिहा तालाब में विसर्जन किया गया।

विसर्जन के दौरान सरपंच विष्णु कोसले, उपसरपंच कुलेश्वर, पिंकू वर्मा, रोजगार सहायक मूलचंद यादव, पूर्व उपसरपंच गेंदराम वर्मा, रामकुमार जायसवाल, शैलेंद्र जायसवाल, मेघु रजक, पूनम रजक, टोकेश्वर ध्रुव, राहुल घृतलहरें, बैगा विश्राम ध्रुव, सुमंत वर्मा, अजय रजक, हेमकुमार रजक सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## माता रानी की प्रतिमाओं का किया गया विसर्जन

**अर्जुनी।** नगर अर्जुनी सहित टोनाटार मिरगी नवागांव पुरेना टोपा खम्हरिया गोढ़ी मोपर मल्दी में आदिशक्ति जगत जननी मां जगदंबा की आराधना और उपासना के महापर्व शारदीय नवरात्रि के समापन के बाद देवी प्रतिमाओं का विसर्जन भी पूरे भक्ति भाव व आस्था के साथ नम आंखों से किया गया। दुर्गा उत्सव समितियो द्वारा मांदर की धुन पर नाचते गाते अबीर गुलाल उड़ाकर जयकारों के साथ मां दुर्गा की प्रतिमाओ की शोभायात्रा निकालकर गांवों की गलियों का भ्रमण करते हुए तालाबों में ले जाकर भक्तों के द्वारा मां अंबे की विधिवत पूजा अर्चना एवं आरती कर माता रानी को अंतिम विदाई दी गई।

ग्राम पंचायत टोनाटार में इस वर्ष सात जगहों पर आदि शक्ति मां दुर्गा रानी की प्रतिमा स्थापित की गई थी। जहां ग्रामीणों के द्वारा पूरे 09 दिनो तक भक्ति भाव के साथ मां दुर्गा की पूजा अर्चना करते रहे। 2 अक्टूबर दशहरा के दिन सात जगहों पर बैठाए गए माता रानी मां दुर्गा का विसर्जन



किया गया। विसर्जन के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामवासी और भक्तगण उपस्थित रहे। भक्तों ने मां दुर्गा का विधिविधान से पूजन किया पूजन के उपरांत माता रानी की प्रतिमाओं को विसर्जन के लिए ले जाया गया जहां माता रानी को सेवा भजन कीर्तन एवं जसगीतो के साथ गांव में भ्रमण कराया गया फिर मां दुर्गा रानी को भाव भजन से एक साथ गांव के पूरेनिहा तालाब में विसर्जन किया गया। विसर्जन के दौरान सरपंच विष्णु कोसले उपसरपंच कुलेश्वर पिंकू वर्मा रोजगार सहायक मूलचंद यादव पूर्व उपसरपंच गेंदराम वर्मा रामकुमार जायसवाल शैलेंद्र जायसवाल मेघु रजक पूनम रजक टोकेश्वर ध्रुव राहुल घृतलहरें बैगा विश्राम ध्रुव सुमंत वर्मा अजय रजक हेमकुमार रजक सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## बुराई पर अच्छाई की विजय के साथ निभाई गई 'स्वर्ण पत्र' की परंपरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

विजयदशमी का पर्व जहां रावण दहन के साथ बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश देता है, वहीं इसके उपरांत स्वर्ण पत्र भेंट करने की प्राचीन परंपरा ने भी नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष आकर्षण बटोरा। रावण दहन के पश्चात लोगों ने एक-दूसरे को स्वर्ण पत्र (सोने जैसे चमकदार वृक्ष पत्ते) भेंट कर शुभकामनाएँ दीं और घर-घर में आरती उतारकर समृद्धि की कामना की।

शिक्षक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने इस परंपरा का महत्व बताते हुए कहा कि दशहरे के दिन विशेष वृक्ष के पत्तों की पूजा की जाती है। इन्हें स्वर्ण पत्र के रूप में मान्यता प्राप्त है। मान्यता है कि इन्हें घर में धन-धान्य के स्थान पर रखने से समृद्धि बढ़ती है और सुख-शांति बनी रहती है। उन्होंने कहा कि यह परंपरा केवल धार्मिक आस्था ही नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर भी है, जिसे हर पीढ़ी आगे बढ़ाती आ रही है। विकासखंड स्रोत समन्वयक संतोष वर्मा ने कहा कि विद्यार्थी भी इस स्वर्ण पत्र को बड़ी श्रद्धा से अपनी पुस्तकों में दबाकर रखते हैं।

### स्वर्ण पत्रः धन-धान्य और सौभाग्य का प्रतीक

ऐसा विश्वास है कि इससे शैक्षणिक रुचि बढ़ती है और मन लगाकर पढ़ाई करने की प्रेरणा मिलती है। वहीं महिलाएँ इसे अपने अलंकारों के बीच संजोकर रखती हैं, ताकि घर-परिवार में सुख, संपदा और सौभाग्य बना रहे। दशहरा पर्व के अवसर पर स्वर्ण पत्र भेंट करने की यह परंपरा सामाजिक समरसता का भी प्रतीक है। लोग आपसी मेलजोल और भाईचारे के साथ इस पावन दिन को उत्साहपूर्वक मनाते हैं। इस मौके पर बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी उत्सव का हिस्सा बने और रावण दहन के बाद सड़कों और चौक-चौराहों पर स्वर्ण पत्र भेंट कर एक-दूसरे को बधाइयाँ देते दिखाई दिए।

## अहंकार रूपी रावण को जीवन में न आने दें: विधायक इंद्र साव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

क्षेत्रीय विधायक इन्द्र साव ने रावणभाठा स्थित दशहरा मैदान के मुख्यमंच से नगर वासियों और क्षेत्रवासियो को विजयादशमी पर्व की बधाई देते हुए कहा कि अहंकार और घमंड कभी नहीं करना चाहिए,ये असत्य पर सत्य का प्रतीक है और हमें भी अपने जीवन में अहंकारी रूपी रावण को पैदा नहीं होने देना है क्योंकि रावण की बल और बुद्धि भी प्रभु राम के आगे नहीं चल पाई। विधायक इंद्र साव ने रावण भाटा स्थित दशहरा मैदान पर रामलीला के कलाकारों द्वारा राम रावण युद्ध की लीला देखने और भगवान श्री राम के अग्निबाण से रावण के वीरगति को प्राप्त होने पर उपस्थित हजारों लोगो के बधाई एवं शुभकामना दी और



कहा कि विजयादशमी का ये पर्व हमे सच्चाई, न्याय और धर्म के मार्ग पर चलते हुए बुराई पर अच्छाई की विजय पाने की प्रेरणा देता है। भगवान श्री राम की यह विजय अहंकार पर विन्रमता की विजय,अधर्म पर धर्म की विजय,असत्य पर सत्य की विजय,बुराई पर अच्छाई की विजय, पाप पर पुण्य की विजय, अत्याचार पर सदाचार की विजय, क्रोध पर दया, क्षमा की विजय और अज्ञान के अंधकार पर ज्ञान के प्रकाश की विजय है।

### रामलीला मंडली को दी बधाई

विधायक इंद्र साव ने श्री आदर्श रामलीला के 106 वर्ष तक इस आयोजन को जीवंत रखने के रामलीला के पात्रों सहित समिति के संरक्षक मंडलों को भी बधाई दी और कहा कि आज इस विजयादशमी के पर्व से हमे सिख मिलती है की कभी भी किसी भी प्रकार का घमंड नहीं करना चाहिए और ना ही अभिमानी होना चाहिए। भगवान श्री राम ने एक अभिमानी का घमंड तोड़ा। विधायक श्री साव ने क्षेत्र की जनता सहित यहां पर उपस्थित समस्त लोगो को असत्य पर सत्य की विजय,बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक विजयादशमी की बधाई देते हुए उनके सुख समृद्धि की मंगल कामना की। इसके पूर्व हजारों की तादाद में उपस्थित लोगों के मध्य रामलीला नाटक मंडली के कलाकारों द्वारा राम रावण संवाद और रावण वध की लीला का प्रसंग किया गया।

### मुड़पार में हुआ 65वां तीन दिवसीय रामलीला महोत्सव

**खरोरा।** ग्राम पंचायत मुड़पार में आदर्श नवयुवक रामलीला मंडली के तत्वावधान में तीन दिवसीय रामलीला महोत्सव का भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ। यह आयोजन लगातार 65 वर्षों से निरंतर जारी है, जो ग्राम की गौरवशाली परंपरा बन चुका है। 2 अक्टूबर की संध्या को रामलीला के प्रमुख प्रसंगों—



मेघनाथ वध, अहिरावण वध, कुंभकरण वध और रावण वध—का मंचन किया गया। इस अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु एवं दर्शक उपस्थित रहे। आयोजन का सीधा प्रसारण यूट्यूब के माध्यम से भी किया गया। रामलीला मंडली के अध्यक्ष हीराम साहू ने बताया कि रावण वध केवल एक युद्ध नहीं, बल्कि धर्म और अधर्म, मर्यादा और अहंकार के बीच संघर्ष का प्रतीक है। मंचन में कलाकारों की प्रभावशाली अदाकारी ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। पंकज वर्मा ने श्रीराम, हियत निषाद ने लक्ष्मण और मेघनाथ विश्वकर्मा ने रावण की भूमिका निभाई। साथ ही कई बाल कलाकारों ने भी अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। संगीत पक्ष में तिहारू राम साहू (हारमोनियम), रामखेलावन निषाद (तबला) और परदेसी राम निषाद (व्यास) सहित कई कलाकारों ने कार्यक्रम को भक्तिमय वातावरण से भर दिया।महोत्सव के समापन पर पूरा प्रांगण "जय श्रीराम" और "जय हनुमान" के उद्घोषों से गूंज उठा। ग्रामवासियों ने इस आयोजन को अपनी सांस्कृतिक धरोहर बताते हुए समिति के प्रयासों की सराहना की।

### रामलीला मंचन के बाद हुआ 30 फीट ऊंचे रावण का पुतला दहन

**मुंडा।** ग्राम पंचायत बरदा में गुरुवार को विजयदशमी का पर्व मनाया गया जिसमें बरदा की बाजार चौक में 30 फीट का रावण का पुतला बनाया गया था जो शाम होते ही रावण दल बल के साथ कार्यक्रम स्थल पहुंचे इस उपरांत राम लक्ष्मण हनुमान जी अपने वानर दल के साथ पहुंचे और कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसमें अंगद के द्वारा शांति दूतावास संवाद के बाद युद्ध मंचन किया गया मेघनाथ रावण युद्ध मंचन में मारा गया और रावण का आतिशबाजी के साथ पुतला दहन किया गया असत्य के प्रति सत्य की जीत अधर्म के प्रति धर्म की जीत करते हुए एक दूसरे को बधाई व शुभकामनाएं दिया जिसमें आसपास के गांव के लोग भारी संख्या में पहुंचकर दशहरा का आनंद लिया सरपंच देवकुमारी दुकालू बंजारे के द्वारा ग्राम वासियों व बाहर से आए लोगों को विजयदशमी की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दिया।



**खबर संक्षेप**



## पेंड्रावन जलाशय में हुआ 15 फीट जलभराव

**बंगोली।** अनवरत बारिश के चलते पेंड्रावन जलाशय में कुल 15 फीट पानी का जलभराव हुआ है। पखवाड़ा भर पहले उक्त जलाशय से कृषि कार्य हेतू पानी छोड़ा गया था बावजूद इसके अनवरत बारिश से पुनः15 पानी का जलभराव हो गया है।

## 30 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन



सिमगा। नगर में थाना के पीछे मिनी स्टेडियम में विजयादशमी का पर्व हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। मंच पर राम लीला का मंचन किया गया। लीला के दौरान पूरे खेल मैदान जय जय श्री राम के जयघोषों से गूंजता रहा। वहीं लीला के पश्चात नगरपालिका अध्यक्ष हरदीप सिंह भाटिया ने राम लक्ष्मण और हनुमान जी की आरती उतारकर सभी को बधाई देते हुए कहा कि विजयदशमी का पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का महापर्व है। भगवान राम ने भी मां दुर्गा की नौ दिनों तक आराधना कर प्राप्त शक्ति से ही रावण जैसे अत्याचारी राक्षस का वध किया था। जिसके उपलक्ष्य में हम सभी विजयदशमी का पर्व मनाते हैं। रावण दहन होते ही खेल मैदान के आसमान रंग बिरंगी आतिशबाजी से जगमगा उठा। दशहरा देखनें नगर सहित आस -पास के ग्रामवासी हजारों की संख्या में उपस्थित थे। रावण दहन के पश्चात लोगों ने एक दूसरे को सोन पत्ती देकर विजयदशमी पर्व की बधाई दी।

## दशहरा उत्सव समिति ने किया डांस स्पर्धा का आयोजन

**सेल।** ग्राम पंचायत देवरीकला में 4 अक्टूबर को नवयुवक दशहरा उत्सव समिति द्वारा डांस स्पर्धा का आयोजन होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नवीन मिश्रा (जिला पंचायत सभापति) एवं अध्यक्षता आकांक्षा गोलू जायसवाल (अध्यक्ष जिला पंचायत) करेंगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में पवन साहू, प्रेमलता वैष्णव, अंजीव जायसवाल, नागेश्वर साहू, डॉ. सुदीप दास मानिकपुरी, लीजा मिश्रा, भरत दास मानिकपुरी, कपिल देव नायक, मेलाराम साहू, संतोष वैष्णव, ईश्वर पटेल, राजू साहू व राजकुमार जायसवाल शामिल होंगे। प्रतियोगिता में एकल, युगल और सामूहिक वर्ग रखे गए हैं। आयोजन की तैयारी समिति अध्यक्ष रामप्रसाद पैंकरा, उपाध्यक्ष सुकलाल कैवर्त्य, कोषाध्यक्ष लोकेश घृतलहरे व सचिव अजय यादव के नेतृत्व में की जा रही है।

न्यायालय : श्रीमान सतीश कुमार जायसवाल जिला न्यायाधीश भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

// ईश्तहार //

प्रोसेस क्रमांक 1091/2025
निष्पादन वाद क्रं. 09/2025
पेशी दिनांक 04/11/2025

अर्पिता शर्मा वगै. ......वादी
बनाम
ओमप्रकाश तनवानी, ...... प्रतिवादीगण

प्रति,
ओमप्रकाश तनवानी उम्र 72 वर्ष, वल्द परचामल तनवानी, निवासी महासती वार्ड तहसील भाटापारा,जिला बलौदाबाजार- भाटापारा छ.ग.।

वादी अर्पिता शर्मा वगै. ने इस न्यायालय में आपके विरुद्ध दावा वास्ते आदेश 21 नियम 10 द्वारा निर्णितऋणी के उपस्थिति हेतु आवेदन पेश किया है। प्रस्तुत निष्पादन वाद का जवाब देने के लिये इस न्यायालय में **दिनांक 04/11/2025** को 11 बजे हाजिर होने के लिये आपको यह समंस किया जाता है कि आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे व्यक्ति के द्वारा उपस्थित हो, जिसे तत्संबंध में अनुदेश दिया गया हो, और इस वाद से संबंधित सारवान प्रश्नों का जवाब दे सकें, आपको निर्देश दिया जा रहा है कि आप इस दिन सभी दस्तावेजों को जो आपके कब्जे में या शक्ति में है पेश करें, जिस पर आपकी प्रतिरक्षा या मुजराई या दावा आधारित है। यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह अपने कब्जे में हो या अपने प्रतिरक्षा या मुजराई या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में हो, विसरत करते हुए आप ऐसे दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि उपर वर्णित की गई **पेशी तारीख 04.11.2025** को इस न्यायालय में उपस्थित नही होगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।

अतः इस न्यायालय द्वारा आज दिनांक 29.09.2025 को न्यायालय की सील व मुहर लगाकर जारी किया गया।

**टीपः-** यदि किसी कारण वश उक्त पेशी तारीख को सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है अथवा किसी कारणवश न्यायालयीन कार्य स्थगित हो जाता है तो अगामी कार्यदिवस पर प्रकरण की सुनवाई होगी।

**तारीखः-** 29.09.2025
**स्थानः-**भाटापारा

मुहर

(सतीश कुमार जायसवाल)
जिला न्यायाधीश भाटापारा
जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

**विजयादशमी :** अभिषेक तिवारी ने युवाओं से शास्त्र-शस्त्र दोनों में दक्षता का किया आह्वान

# विहिप और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मां भवानी की पूजा-अर्चना कर की विश्व कल्याण की कामना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार



जिला मुख्यालय समेत संपूर्ण बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के नगर, प्रखंड एवं ग्रामों में विजयादशमी के पावन अवसर पर विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंगदल कार्यकर्ताओं द्वारा मां आदिशक्ति भवानी की आराधना करते हुए शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना, आरती कर विश्व कल्याण की प्रार्थना की तथा गौवंश की सेवा-सुरक्षा, हिंदू समाज पर हो रहे अत्याचारों से मुक्ति और अधिकारों की रक्षा हेतु मां भवानी से आशीर्वाद मांगा।

विहिप जिला अध्यक्ष अभिषेक तिवारी ने विजयादशमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व असत्य पर सत्य की, बुराई पर अच्छाई की और अन्याय पर न्याय की विजय का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि प्रभु श्रीराम ने भी इसी दिन मां भवानी के समक्ष शस्त्र पूजन कर रावण के अत्याचारों से धरती को मुक्त कराया था। सनातन संस्कृति में प्रकृति व समस्त उपयोग की वस्तुओं का आदर करने की परंपरा रही है, जो इसे विशिष्ट बनाती है। तिवारी ने कहा कि सनातन सभ्यता पर हजारों वर्षों से संकट आते रहे हैं, लेकिन बलिदान और पराक्रम के बल पर हिंदू समाज आज भी अडिग खड़ा है। उन्होंने युवाओं से शास्त्र और शस्त्र दोनों में दक्ष होने का आह्वान किया, ताकि राष्ट्र समृद्ध और सक्षम बन सके।

**ये रहे उपस्थितः** बलौदाबाजार नगर में शस्त्र पूजन कार्यक्रम परंपरानुसार मां षष्ठी मंदिर प्रांगण में सम्पन्न हुआ। इसमें हेमंत वर्मा, लक्ष्मेंद्र अग्रवाल, शिवप्रकाश तिवारी, वासुदेव ठाकुर, विनय गुप्ता, राजेश साहू, रवि यादव, आयुष बरनवाल, सुबीर विश्वास, शिवम ठाकुर, बंटी सेन, नितेश साहू, सागर यादव, युगलकिशोर यादव, गौरीशंकर, पुष्पम साहू, अविनाश ध्रुव, मयंक सोनी, पृथ्वीराज समेत बड़ी संख्या में युवा, माताएं-बहनें और बच्चे उपस्थित रहे।

## 22 फीट ऊंचे रावण के पुतले का हुआ दहन

**सेल।** अंचल में विजयदशमी पर्व 22फीट रावण का पुतला जलाया गया। सत्य का जीत हुआ असत्य का पराजय हुआ। रामलीला मैदान में जमकर आतिशबाजी के साथ रावण का पुतला किया। अहंकारी रावण का वध किया गया। रामलीला मैदान में दोनों पक्षों में जमकर आतिशबाजी हुआ। यहां का विजयदशमी बाजार चौंक में कार्यक्रम का आयोजन रखा गया था। रामलीला मैदान में भीषण दोनों पक्षों में घमासान युद्ध हुआ राम दल और रावण दल में जमकर आतिशबाजी हुआ हैं।

- रामलीला मैदान में रावण वध का रंगारंग मंचन, हर्षोल्लास और आतिशबाजी के बीच सजी परंपरा

प्रति वर्ष की भांति इसी वर्ष भी हर्षोल्लास पूर्वक और शांति पूर्ण रूप से विजयदशमी पर्व मनाया गया। इस रामलीला का मंचन में राज्यभिषेक हुआ राम ने माता सीता को रावण के लंका से छुड़ाकर लाया गया। रावण मरने के दौरान हा हा हा हंसता रहा था।

राम भक्त रावण का भाई विभीषण ने राम को बताया कि रावण के नाभी में अमृत का कुंड है। इसलिए प्रभु अभी रावण जीवित हैं। विभीषण ने राम को रावण कैसे मरेंगे इसका उपाय बताए प्रभु रावण के नाभी में अमृत का कुंड इसी में बाण चलाओ राम ने विभीषण के मार्ग पर बताए हुए मार्ग पर चलकर रावण के नाभी में बाण चलाया गया तो अमृत कुंड सुखता गया रावण का अहंकार खत्म हुआ और मरने के पूर्व श्रीराम कहकर पुकारे। आज इसी की याद में विजयदशमी पर्व मनाया जा रहा हैं।



### विजयदशमी पर्व देखने के लिए उमड़ा जनसैलाब

यहां के साबर चंडीडीह मोतीपुर आमाखोहा खर्रि बिलारी के ग्रामीणों ने विजयदशमी पर्व देखने के लिए बड़ी संख्या में पहुंचे हुए थे। विजयदशमी पर्व का एक दूसरे को गले लगाकर गाड़ा गाड़ा बधाई एवं ढेर सारा शुभकामनाएं दिया गया हैं। इस मौके पर सरपंच प्रतिनिधि आर्यन साहू, पंच परसराम साहू, पंच प्रतिनिधि राम दल, माधोराम घृतलहरे, पंच प्रतिनिधि दिलीप दिवाकर, पंच प्रतिनिधि धर्मेंद्र साहू, सेल परिक्षेत्र के साहू समाज के अध्यक्ष अमृत लाल साहू, रामचरण साहू, श्रीकिशन साहू, गोविंद साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी सम्मिलित हुए थे।

## भाटापारा में धूमधाम से मनाया गया दशहरा



**भाटापारा।** असत्य पर सत्य की जीत का संदेश देने वाला दशहरे का पावन पर्व भाटापारा में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। आदर्श राम लीला नाटक मंडली द्वारा 106वें वर्ष रावण दहन के पूर्व लीला का मंचन किया गया। वरिष्ठ भाजपा नेता छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा रावणभाठा के ऐतिहासिक एवं पारम्परिक रावण दहन महोत्सव में शामिल हुए. रावण, मेघनाथ एवं कुम्भकर्ण के पुतले का दहन किया गया।

इस दौरान शिवरतन शर्मा ने समस्त उपस्थितजनों को नवरात्रि और विजयदशमी के साथ ही दिवाली की बधाई और शुभकामनाएं दीं। शिवरतन शर्मा ने कहा कि, विजय दशमी का यह पर्व असत्य पर सत्य की, अधर्म पर धर्म की, बुराई पर अच्छाई की और अहंकार पर विनम्रता की विजय का प्रतीक है। जो हमें सिखाता है कि अहंकार विनाश का कारण बनता है, चाहे इंसान कितना भी शक्तिशाली और बुद्धिमान ही क्यों न हो। हम सभी ने 9 दिनों तक नवरात्रि पर्व मना कर मां की आराधना की और शक्ति प्राप्त की। यही शक्ति हमें जीवन में तरक्की और सफलता दे साथ ही अन्याय, अत्याचार, अधर्म और बुराइयों को नाश करने की क्षमता भी प्रदान करे। प्रभु श्री राम ने घमंडी और अहंकारी रावण का नाश किया था। हम सभी विजय दशमी के अवसर पर संकल्प लें कि हम भी अपने अंदर के अहंकार, अधर्म का नाश करेंगे। अपने अंदर की काम, क्रोध, मोह, लोभ रूपी बुराइयों को जड़ से मिटाएंगे।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, राकेश तिवारी, दिलीप छाबड़िया, सुनील यदु, मोहन बांधे, आशीष जायसवाल, ओम प्रकाश रात्रे, महाबल बघेल, योगेश अनंत, सहित पार्टी पदाधिकारी, नगर पालिका सभापति, पार्षदगण नगरवासी सहित आस पास के ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### विश्व गुरु बनने के राह पर चल पड़ा है भारत : शर्मा

उन्होंने यह भी कहा कि, भाजपा सरकार सनातन के विरासत को लेकर विकास के रास्ते चल रही है हमारा भारत पहले विश्व गुरु था अब पुनः विश्व गुरु बनने के राह पर भारत चल पड़ा है। आने वाले समय में पूरे विश्व में भारत और सनातन धर्म की जय जयकार होगी। हमें श्री राम जी के आदर्श पर चलकर छत्तीसगढ़ को खुशहाल बनाना है। रावणभाठा में भगवान श्री राम, श्री लक्ष्मण, सीता माता और बालाजी भगवान की आरती की उसके पश्चात रावण दहन किया गया। साथ रावणभाठा मैदान में पथवें में लगे 27 स्ट्रीट लाइटो का शिवरतन शर्मा द्वारा मेन स्विच आन कर शुभारंभ किया गया।

## अर्जुनी और टोनाटार में धूमधाम से मना दशहरा



**अर्जुनी।** असत्य पर सत्य अन्याय पर न्याय दुराचार पर सदाचार एवं असुरत्व पर देवत्व के विजय का महापर्व विजयदशमी दशहरा का पर्व ग्राम पंचायत अर्जुनी टोनाटार में 2 अक्टूबर को बड़े ही धूमधाम के मनाया गया। अर्जुनी नगर के रावणभाठा मैदान जाने के लिए गांधी चौक नव युवक कलापथक मंडली द्वारा राम रावण वध मंचन के लिए प्रस्थान हुआ एवं रावण भाठा में पहुंचकर राम रावण वध का लीला मंचन किया तत्पश्चात राम ने रावण का वध कर रावण के पुतले का भव्य दहन किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक जनक राम वर्मा सरपंच कविता भगेला ध्रुव गजानंद वर्मा शत्रुघ्न रजक सरपंच प्रतिनिधि सुखराम ध्रुव पंच राजेश्वरी ध्रुव लखन यदु टिकेश्वर वर्मा रमेश वर्मा सालिक वर्मा राजू रजक संजय रजक राधेश्याम साहू माखन निषाद बालमुकंद कश्यप विजय वर्मा रवि ध्रुव संजय साहू सोनू वर्मा नितेश ध्रुव मित्रानंद तिवारी चंदू सेन तथा नव युवा कलापथक मंडली के सदस्य उपस्थित थे।

### टोनाटार में दुर्गा विसर्जन के बाद दशहरा मेघनाथ-कुंभकरण के साथ रावण दहन

इसी तरह टोनाटार में भी 02 अक्टूबर को माता रानी मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन करने के बाद उप स्वास्थ्य केंद्र के पास दशहरा मैदान में असत्य पर सत्य की जीत की प्रतीक पर्व दशहरा का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया। शाम 6 बजे के बाद रामलीला मंडली द्वारा राम रावण युद्ध प्रसंग का प्रस्तुतीकरण किया। रामलीला मंचन से लेकर रावण दहन तक लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा था। सबसे पहले मेघनाथ फिर कुंभकरण तथा सबसे अंत में रावण के पुतले का दहन किया गया। रावण के पुतले के दहन के साथ मैदान में भव्य आतिशबाजी किया गया। जैसे ही रावण का पुतला जलकर राख हुआ पूरे क्षेत्र में जय श्री राम के नारे गूंज उठे और पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। लोग बड़े उत्साह के साथ इस पर्व के हिस्सा बने और भगवान श्री राम के आदर्शों का अनुसरण करने का संकल्प लिया।रावण दहन के मौके पर सरपंच विष्णु कोसले उपसरपंच कुलेश्वर पिंकू वर्मा के अलावा लीला मंडली से नारंतक यादव जगन्नाथ वर्मा रूपनारायण रजक मेघनाथ ध्रुव शत्रुघ्न वर्मा नारायण वर्मा मंगलू राम यादव सहदेव रजक शिवचंद रजक पुष्पेंद्र रजक पप्पू ध्रुव सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## कसडोल में धूमधाम से मना दशहरा, विधायक संदीप साहू ने की शिरकत

**कसडोल।** विजयादशमी पर्व के दिन जिस तरह प्रभु श्री राम ने अत्याचार एवं आतंक के पर्याय रावण का वध कर लोगों को उसके आतंक से मुक्ति दिलाई थी। उसी तरह हमें भी सत्य एवं अहिंसा के रास्ते पर चलकर समाज में व्याप्त अन्याय एवं अत्याचार से लड़ना होगा। हमें अपने अन्दर बसे हुए अहंकार रूपी रावण को मारना होगा। कसडोल नगर के सुप्रसिद्ध दशहरा उत्सव कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यातिथि विधायक संदीप साहू ने उक्त बातें कही।


कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नपा अध्यक्ष नागेश्वर साहू ने कहा कि आज के दिन भगवान श्री राम ने बुराई के प्रतीक महाशक्तिशाली रावण का वध किया था जिससे हम सबको समाज में व्याप्त असुरी प्रवृत्ति, अन्याय एवं अत्याचार के खिलाफ लड़ने की प्रेरणा मिलती है। इसके अलावा पूर्व विधायक अरुण कुमार मिश्रा ने कहा कि भगवान श्रीराम ने रावण का वध कर असत्य पर सत्य का विजयादशमी पर्व मनाया था तबसे पूरे भारतवर्ष में विजयादशमी पर्व मनाया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष अशोक यादव ने मंच का संचालन कर क्षेत्र वाशियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इसके साथ ही पर्व दशहरा उत्सव समिति के संरक्षक ऋतिक मिश्रा ने दशहरा उत्सव समिति के प्रारंभ से लेकर अब तक के प्रगति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि क्षेत्रवासियों एवं मौजूदा विधायक के सहयोग से हर साल दशहरा उत्सव के आयोजन में अलग अलग तरह के प्रयोग किया जा रहा है जिसका लोग आनन्द उठाते हैं। और अंत मे सबका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर राम लीला मण्डली बगदेवी पारा के द्वारा राम रावण युद्ध का मंचन किया गया ।उसके बाद लगभग 1 घंटे तक आकर्षक आतिशबाजी किया गया। अन्त में 80 फीट रावण के पुतले का दहन किया गया।

दशहरा उत्सव समिति के आयोजन में सदस्यगण ऋत्विक मिश्रा, अशोक यादव, रामकिशन साहू, चंदन साहू, निरेन्द्र क्षत्रीय, गिरजा साय, भावेश यादव, द्वारिका निर्मलकर, कमल पटेल, रोहित साहू, हरिकांत साहू (राजू), भानु प्रताप साहू, आयुष साहू, नंद कुमार धीवर, कुशल साहू, सरोज साहू, मोतीलाल बंजारे, सूर्या यादव, राजेन्द्र साहू, बसंत श्रीवास, मनोज साहू, विनोद बंजारे, चंदन जायसवाल सहित समिति के अन्य सदस्यों का विशेष योगदान रहा।









### उत्सव देखने उमड़ी भीड़, मैदान खचाखच भरा

कसडोल में आयोजित होने वाले दशहरा उत्सव देखने नगर एवं क्षेत्र के बच्चे ,बुढ़े और जवान सपरिवार तो आते ही हैं , इसके अलावा आसपास के महासमुंद ,जांजगीर- चाम्पा ,बिलासपुर , रायगढ़ तथा रायपुर जिले से भी लोग भारी संख्या में दशहरा उत्सव देखने आते हैं। इस साल आयोजकों के उम्मीद से भी ज्यादा भीड़ हो गई थी दशहरा मैदान में लोगों की इतनी भीड़ एकत्रित हो गई थी कि कहीं पर पैर रखने की भी जगह नहीं थी। मैदान में जगह नहीं मिलने से लोगों को सड़क पर खड़े होकर दशहरे के आनंद उठाना पड़ा वहीं अधिकांश लोग जगह नहीं मिलने के कारण ईधर उधर भटकते नजर आए।

### एक घंटे तक बिखरती रही आसमान में आतिशबाजी

कसडोल दशहरा उत्सव समारोह का मुख्य आकर्षण यहाँ पर होने वाले आसमानी आतिशबाजी रहता है। आपको बता दे कि मौजूदा विधायक संदीप साहू द्वारा सहयोग किया गया था शिवकाशी से मंगाए गए फटाकों के आतिशबाजी की छटा लगभग एक घंटे तक आसमान बिखरती रही ।दशहरा मैदान में उपस्थित हजारों की भीड़ दिल थामकर आतिशबाजी का आनंद उठाते रहे। लोग अपने मोबाईल फोन पर आतिशबाजी के नजारे को कैद करने के लिए आतुर दिखे।

## गांधी जयंती पर चला स्वच्छता अभियान

**सेल।** ग्राम पंचायत छरछेद में गांधी जयंती के पावन पर्व पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस मौके पर स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया और राष्ट्रपिता बापू महात्मा गांधी को याद किया गया है। सरपंच भरत दास मानिकपुरी ने कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ भारत मिशन का शुरुआत किया गया है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय बनाकर शौंच मुक्त किया गया है बाहर को स्वच्छ भारत मिशन बनाना है। इस मौके पर ग्राम पंचायत छरछेद के सरपंच एवं मानिकपुरी पनिका समाज के प्रदेश अध्यक्ष भरतदास मानिकपुरी चंदराम साहू जनीराम केवट अल्का देवी मानिकपुरी अक्षरा मानिकपुरी ,हीरामती निषाद, केवरा बाई साहू कार्तिक बाई केवट सावित्री साहू आयुष अंश दास रामबती साहू पुरातन बाई साहू,गीता साहू,महेश्वर कुमार ये सभी उपस्थित थे।



HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक

Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru

सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज

पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
03 अक्टूबर 2025 SHOW TIME
कांतारा-2
शो समय -12:00,3:00, 6:00,9:00 PM
सन्नी संस्कारी की तुलसी कुमारी
शो समय - 03:00, 06:00, 9:00 PM
गुरू बालकदास
शो समय - 12:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# पलारी दशहरा मैदान में रास गरबा महोत्सव का आयोजन

## पर्यावरण संरक्षण,नशामुक्ति और स्वच्छता की शपथ दिलाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

नवरात्र पर माता रानी के अराधना में नगर दशहरा मैदान पर छत्तीसगढ़ी भक्ति व गरबा थीम पर रास गरबा महोत्सव का आयोजन हुआ। छत्तीसगढ़ी थीम पर पारंपरिक सुआ नृत्य, कर्मा, ददरिया,गोड़ी, भोजली गीत,आदिवासी नृत्य व गरबा का अद्भुत झलक दिखाई दिया। आत्मविश्वास से लबरेज बालिका, युवतियां और महिलाओ ने पारंपरिक छत्तीसगढ़ी सहित राजस्थानी,गुजराती,पंजाबी तथा साउथ इंडियन स्टाइल में आकर्षक व फैंसी परिधान में मनमोहक अंदाज में प्रस्तुति दी। जिसने उपस्थित हजारों लोगों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण,नशामुक्ति और स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम मां अम्बे रास गरबा उत्सव समिति द्वारा किया गया। आयोजन में 300 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के अतिथि नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष घासीन बाई वर्मा, मंजू वर्मा, मृदुला निर्मलकर, नीतू भूषण ठेठवार, सुनीता तिवारी, जागृति तिवारी, ममता वर्मा, पार्षद खेलन बाई वर्मा, कविता सरसिहा, अराधना वर्मा, मोहिनी वर्मा रहे। मुख्य अतिथि पूर्व नप अध्यक्ष घासीन बाई वर्मा ने इस आयोजन की सराहना की। आयोजन को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष मंजू यादव, उपाध्यक्ष भारती वर्मा, संरक्षकगण जनपद अध्यक्ष सविता भीम यादव ,दिव्या निर्मलकर, अनिता वर्मा, सरिता साहू, स्वाति त्रिपाठी, मंजू साहू, वर्तिका अग्रवाल, रेखा वर्मा सहित टीम के योगदान रहा।



### ये रहे विजेता

सुआ नृत्य ग्रुप में प्रथम बेस्ट एंड बेस्टी की टीम रही, द्वितीय जावरा एंड भोजली और तृतीय संगवारी टीम रही। बालिका एकल में प्रथम देवांसी सारथी, द्वितीय नैना मिश्रा, तृतीय वैशाली ने जीते। युवती एकल में प्रथम चांदनी यादव, द्वितीय संतोषी ध्रुव, तृतीय गीतिका वर्मा रही। महिला एकल में रूखमणी प्रथम, ज्योति सारवा द्वितीय, सावित्री ध्रुव तृतीय स्थान पर रहे। गरबा में बालिका में बेस्ट ड्रेस के लिए वर्तिका वर्मा प्रथम, लुभानी वर्मा द्वितीय, सांची धीवर तृतीय स्थान प्राप्त किया। युवती वर्ग में परी धीवर प्रथम, ज्योति साहू द्वितीय, फ़जि़ा खान तृतीय स्थान पर रहे। महिला में स्वाति साहू प्रथम, प्रिया साहू द्वितीय, सुषमा वर्मा तीसरे स्थान पर रहीं। उसी प्रकार ऑलराउंडर ड्रेसेस के लिए राजपूतानी ग्रुप तथा साउथ इंडियन पायल ग्रुप ने बाजी मारी।

## खबर संक्षेप

### समन्वयक व एमआईएस सहायक की नियुक्ति के लिए इंटरव्यू 6 को

बलौदाबाजार। जिला स्तरीय समन्वयक एवं एमआईएस सहायक पद पर भर्ती हेतु दावा आपत्ति के पश्चात अभ्यार्थियों का साक्षात्कार 6 अक्टूबर को कार्यालय वनमंडलाधिकारी बलौदाबाजार में कार्यालयीन समय सुबह 10 बजे से 5.30 बजे तक होगा जिसमें मूल दस्तावेज के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है। सूची का अवलोकन जिले के वेबसाईट पर किया जा सकता है।

### हिंदी सलाहकार समिति के सदस्य बने अशोक बजाज



खरोरा। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश कार्यालय मंत्री एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक बजाज को सूचना एवं प्रश्न मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति का पुनर्गठन कर दिया गया है 18वीं लोकसभा के गठन के बाद केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री की अध्यक्ष में यह समिति बनाई गई है मंत्रालय की ओर से जारी अधिसूचना भारत के राजपत्र (भाग -1 खंड-1) में प्रकाशित कर दी गई है। इस समिति में छत्तीसगढ़ से वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक बजाज को सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया है नियुक्ति की जानकारी गत 25 दिसंबर को उपनिदेशक तरुण कुमार के हस्ताक्षर से जारी हुआ अशोक बजाज को हिंदी सलाहकार समिति के सदस्य बनने पर भाजपा मंडल खरोरा से रमेश शर्मा पूर्व सोसायटी अध्यक्ष एवं दीपक धनकर,सावन शर्मा, तोरण ठाकुर पूर्व पार्षद ,यशवंत वर्मा, दुष्यंत साहू , जितेंद्र वर्मा ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है।

### गांधी जयंती मनाई गई

अरंड (पिथौरा)। ग्राम पंचायत खुटेरी में गांधी जयंती मनाई गई। इस अवसर पर सरपंच सुशीला मांझी, उपसरपंच गेसराम पटेल, भूतपूर्व सरपंच रघुनंदन पटेल, पंच कुंजराम पटेल, रमेश कुमार बरिहा, नारायण सिंह ध्रुव, रवीना ध्रुव, भोजकुमारी पटेल, पंच आरती सिन्हा, रामजी आदि मौजूद रहे।

## निधन

### श्रद्धा नायक



भरूवाडीह/सैहा/गुमा। ग्राम केसदा निवासी श्रद्धा नायक (44) का शुक्रवार को निधन हो गया, जिनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया, जहां नाते रिश्तेदार एवं गणमान नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। वे भैरव नायक की पत्नी ,पायल,मुस्कान और भावेश की मां एवं डॉ.के.के.नायक की भाई बहू तथा कुलेश्वर नायक की बहू थी।

## साइकिल चालन स्पर्धा के बाद जंगल में फैला कूड़ा, वन्य जीवों का जीवन प्रभावित

# सोनबरसा जंगल में कचरे पर उपजा विवाद, संस्था ने जताया आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

प्रकृति संरक्षण के लिए कार्यरत स्थानीय संस्था वाइल्डलाइफ कंजरवेशन सोसायटी ने यहां फैले प्लास्टिक कचरे और पर्यावरण को पहुंचे नुकसान पर कड़ा आक्रोश व्यक्त किया है। संस्था का कहना है कि जिला प्रशासन द्वारा आयोजित साइकिल चालन स्पर्धा के बाद जंगल की साफ-सफाई पर कोई ध्यान नहीं दिया गया, जिससे वन्य जीवों और हरियाली दोनों पर संकट मंडरा रहा है।

कुछ दिनों पूर्व आयोजित इस प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। प्रतिभागियों को जलपान उपलब्ध कराने के लिए डिस्पोजेबल प्लास्टिक सामग्री का भारी उपयोग किया गया। किंतु कार्यक्रम समाप्त होने के बाद प्रशासन ने कचरा प्रबंधन की जिम्मेदारी नहीं निभाई। आज भी जंगल में जगह-जगह प्लास्टिक की बोतलें, गिलास और पैकेट बिखरे पड़े हैं। संस्था के अनुसार यह स्थिति पर्यावरण संतुलन के लिए बेहद हानिकारक है और इससे जंगल का पारिस्थितिकी तंत्र प्रभावित हो सकता है।

### संस्था ने मांगी जांच और पारदर्शिता, जंगल संरक्षण को बनाया सामूहिक जिम्मेदारी







साइक्लोथॉन के बाद गंदगी का अंबार, जंगली जीव प्रभावित

### पेड़-पौधों को भी पहुंचा नुकसान

संस्था के अध्यक्ष निखिलेश त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि आयोजन की तैयारी के नाम पर जंगल की जमीन को छीलकर समतल किया गया और कई पौधों को उखाड़ दिया गया। इतना ही नहीं, कार्यक्रम स्थल आयोजन हेतु 2 इंच से मोटी गिट्टी-बजरी की परत बिछाई गई, जिससे प्राकृतिक सतह को स्थायी क्षति पहुंची। दशहरे की सुबह स्थानीय नागरिकों ने देखा कि लगभग 9-10 फीट ऊंचा सागौन का पौधा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका था, जिसे दो व्यक्तियों ने सहारा देकर बचाने का प्रयास किया।

### जांच और पारदर्शिता की मांग

श्री त्रिवेदी ने कहा कि जिला प्रशासन का यह कदम न केवल गैर-जिम्मेदाराना है, बल्कि पर्यावरण कानूनों का भी उल्लंघन है। उन्होंने मांग की कि इस आयोजन में दर्शाए गए खर्चों और वास्तविक व्यय का ब्यौरा सार्वजनिक किया जाए, ताकि वित्तीय पारदर्शिता स्थापित हो सके। उन्होंने राज्य सरकार से अपेक्षा जताई कि जीरो टॉलरेंस की नीति के अनुरूप इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच हो।

**वन्य जीवों पर मंडराता खतरा:** संस्था का कहना है कि जंगल में फैले प्लास्टिक कचरे से जंगली जानवरों का स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है। कई बार पशु खाने योग्य समझकर प्लास्टिक निगल जाते हैं, जिससे उनकी मृत्यु तक हो जाती है।

### स्थानीय नागरिकों और सदस्यों का समर्थन

इस आंदोलन को संस्था के अन्य सदस्य अधिवक्ता अनादि शंकर मिश्रा, शैलेश गुप्ता, संदीप पांडेय एवं नीलम दीक्षित ने भी समर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि जंगल का संरक्षण केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी भी है। संस्था ने जिला प्रशासन से अपील की है कि तुरंत प्रभाव से सोनबरसा जंगल की सफाई कराई जाए, क्षतिग्रस्त पौधों की देखभाल हो और पूरे क्षेत्र को पूर्व की तरह साफ सुथरा कर वन विभाग के सुपुर्द किया जाए, ताकि प्राकृतिक संतुलन फिर से बहाल हो सके।

# वृद्धजन परिवार फाउंडेशन ने 90 वृद्धजनों का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद

अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर वृद्धजन परिवार फाउंडेशन द्वारा ग्राम नेवधा में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 90 वृद्धजनों को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

■ माता-पिता की सेवा करना ही सच्ची पूजा : यादव

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष आनंद यादव ने कहा कि "माता-पिता की सेवा करना ही सच्ची पूजा है।" वहीं भाजपा के मंडल अध्यक्ष एवं जनपद अध्यक्ष डॉ. दौलत पाल ने कहा कि "हर घर में वृद्धजनों की सेवा होनी चाहिए, तभी समाज में संस्कार और मर्यादा बनी रहेगी।" फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. उत्तम कुमार बिश्वास ने कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को यह संदेश देना है कि वे अपने माता-पिता, दादा-दादी और नाना-नानी की सेवा करें। उन्होंने कहा, "यदि आज की पीढ़ी बुजुर्गों का सम्मान और सेवा करेगी, तो आने वाली पीढ़ी भी इसे देखकर इस परंपरा को निभाएगी।" डॉ. डिगेश्वर वर्मा ने वृद्धजनों को स्वस्थ जीवन के लिए दवा पर निर्भर होने की बजाय संतुलित दिनचर्या और प्राकृतिक उपाय अपनाने की सलाह दी।

समारोह के दौरान पीएचसी टीम की ओर से वृद्धजनों की ब्लड शुगर एवं ब्लड प्रेशर की निःशुल्क जांच भी की गई। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों ने वृद्धजनों का आशीर्वाद लिया और उनके प्रति सम्मान एवं सेवा का संकल्प व्यक्त किया।

**इनकी रही उपस्थिति:** इस अवसर पर सरपंच दुलेंद्र साहू, सुभाष सरकार, हेल्पेज इंडिया से अजय सिंह, मुकेश, धन्ना निषाद, प्रकाश पाल, योगेश त्रिवेदी, सचिव रमेश बंजारे,धनेश्वरी वर्मा, प्रेमलता वर्मा, मुलचंद टंडन, डोमर मारखंडे, संतराम ध्रुव, लीली वर्मा, आयुष्मान देवांगन, मीणा धड़के,इंदु वर्मा, संतोषी कुर्रे,पंचायत के पंच एवं अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# विशेष ग्रामसभा में विलेज प्लान का किया अनुमोदन





बलौदाबाजार। राज्य शासन के निर्देशानुसार महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर जिले के सभी गांव में ग्रामसभा क़ा आयोजन किया जा रहा है। ग्रामसभा में अन्य प्रमुख विषयो पर चर्चा के साथ ही आदि कर्मयोगी अभियान के तहत विलेज़ प्लान का अनुमोदन भी किया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद पंचायत कसडोल ग्राम कोट,चरौदा ब,गबौद, ढेबी, कोसमसरा, बड़गांव, अमरूवा, बार, बम्हनी, धमलपुरा, सोनाखान एवं परसदा में आदि कर्मयोगी अभियान अंत विलेज प्लान 2030 का अनुमोदन किया गया।

# संजय जैन समाज के बने अध्यक्ष कार्यकारिणी घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदा बाजार







बलौदा बाजार जैन समाज की बैठक में संजय पाटनी को सर्वसम्मति से जैन समाज का अध्यक्ष चुना गया। पदभार ग्रहण करने के साथ ही उन्होंने अपनी कार्यकारिणी की घोषणा की। नवगठित कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष पद पर संदीप जैन, प्रवीण जैन एवं पीयूष जैन को जिम्मेदारी सौंपी गई। सचिव पद पर अमित जैन, कोषाध्यक्ष धीरज जैन, सहसचिव सुभाष जैन नियुक्त किए गए। वहीं प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी प्रतीक जैन, अनुराग जैन और रितेश जैन को दी गई है।

अध्यक्ष संजय पाटनी ने नियुक्ति के बाद कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि उनकी कमिटी सहयोग और समर्पण भाव से कार्य कर जैन समाज की प्रगति एवं उन्नति के लिए प्रतिबद्ध रहेगी। उन्होंने कहा कि आगामी पंचकल्याणक महोत्सव को ऐतिहासिक और अविस्मरणीय स्वरूप में मनाया जाएगा। जैन समाज की कार्यकारिणी में अखिलेश जैन, प्रमोद जैन, जे.के. जैन, ऋषभ जैन, मितेंद्र जैन, शैलेश जैन, अजेश जैन, सुमित जैन, रवि जैन, निक्की जैन, युवराज जैन, अभिषेक जैन, मयूर जैन, लक्की जैन एवं निशु जैन भी शामिल किए गए हैं।

# महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर कांग्रेसजनों ने दी पुष्पांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदा बाजार

जिला कांग्रेस कमेटी बलौदा बाजार-भाटापारा द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा और उत्साहपूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर गांधी चौक स्थित गांधी प्रतिमा स्थल पर कांग्रेसजनों ने पुष्पांजलि अर्पित कर दोनों महापुरुषों को नमन किया।कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुश्री सुमित्रा घृतलहरे, कृषक कल्याण परिषद के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, जीव-जंतु कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष विद्याभूषण शुक्ला, पूर्व विधायक जनकराम वर्मा, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश यदु एवं शहर कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश सिंह ठाकुर सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

■ गांधी चौक पर प्रतिमा स्थल पर हुआ पुष्पांजलि कार्यक्रम



### जय जवान, जय किसान की गूंज

वक्ताओं ने महात्मा गांधी के जीवन दर्शन एवं स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि बापू ने अहिंसा और सत्याग्रह के मार्ग से अंग्रेजों को देश छोड़ने पर मजबूर किया। उन्होंने समाज को छुआछूत और ऊंच-नीच की भावना से ऊपर उठकर धर्मनिरपेक्षता का मार्ग अपनाने की प्रेरणा दी। वहीं, लाल बहादुर शास्त्री के सादगीपूर्ण जीवन, ईमानदार व्यक्तित्व और देशहित में किए गए कार्यों को याद करते हुए वक्ताओं ने कहा कि शास्त्रीजी का जय जवान, जय किसान का नारा आज भी देश की आत्मा को जीवंत करता है। कार्यक्रम में पूर्व जनपद अध्यक्ष खिलेंद्र वर्मा, सुरेंद्र जायसवाल, राजा तिवारी, सुश्री पद्मेश्वरी साहू, जितेंद्र नवरत्न, लखेश साहू, गणेश शंकर साहू, प्रवीण सेन, रविंद्र नामदेव, दिगंबर साहू एवं कृष्ण टंडन सहित अनेक कांग्रेसजन मौजूद रहे।

## पीएम आवास योजना में गड़बड़ी, जांच के नाम पर जिम्मेदार मौन

# पुराना मकान को शो कर निकाल ली गई दो किस्त की राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद



बलौदा बाजार जिला विकासखंड सिमगा अंतर्गत ग्राम पंचायत लावर मे प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ गरीब मजदूर असहाय निर्धन लोगों को नहीं बल्कि पक्का मकान, एवं सम्पन्न व्यक्ति के साथ में पूर्व सरपंच को दिया जा रहा है। केंद्र सरकार की प्रथम उदेस्य उन गरीब मजदूर लोगों के लिए है। जिनके रहने को घर नहीं,खेती ,नहीं और नहीं किसी प्रकार की पक्का आय का श्रोत नहीं है। जिनके वजह से पक्का मकान बना पाना असंभव है ,उनके लिए सिर्फ सपना है, वैसे ही लोगो के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ पहुंचाना है।

■ गरीब मजदूर अब भी छत के लिए तरस रहे

किंतु ग्राम पंचायत लावर मे सरपंच एवं सचिव के साथ साथ आवास संबन्धित सभा अधिकारी की मिलीभगत से ग्राम लावर के निवासी पूर्व सरपंच अनुसुइया जोशी पति मनीराम जोशी को नाम आवास लिस्ट में आया हुआ था। किन्तु उन्होंने एक वर्ष पहले ही पक्का मकान का निर्माण अचार सहिता में अवैध जगह पर कब्जा कर बनाया है। जिसे वर्तमान में संबन्धित अधिकारी एवं पंचायत के प्रतिनिधि के साथ में सुनयोजित तरीका से बना बनाए मकान को सचिव सरपंच एवं आवास मित्र के संरक्षण में शो कर दो किस्त की राशि का आहरण कर लिया गया हैं। किंतु अभी भी केंद्र सरकार का मुख्य उद्देश्य को किस प्रकार जरूरत मंद को न देकर पक्का मकान वाले को दिया जा रहा है,तो कही पर पुराना मकान को सो कर राशि निकाल ली गई है। जिसके भनक किसी भी प्रकार से संबंधित अधिकारी को नहीं हो पाना यह सवाल खड़ा करता है। अब देखना हो कि क्या कार्रवाई होती है, या फिर ऐसी ही योजना का लाभ पक्का मकान वाले व पुराना पक्का मकान को किया जाना जारी रहेगा।

### शिकायत होने के बाद होगी कार्रवाई

एक साल पुराना योजना है, जिसे पुराना मकान को सो किया जा सकता है, बिना शिकायत के हम किसी भी आवास की जानकारी नहीं दे सकते, जांच करने के लिए शिकायत होने पर कार्यवाही होगी।

-अमित दुबे, सीई, जपं सिमगा

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-9165 411411